प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में पीएम धन–धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का करेंगे शुभारंभ, किसानों से संवाद भी करेंगे।**
- **घाटशिला उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज, भाजपा संसदीय दल की बैठक में आज पार्टी प्रत्याशी के नाम पर होगा विचार, झामुमो 15 अक्तूबर को लेगा फैसला।**
- **राज्य सरकार ने दिवाली के पहले नौ लाख परिवारों को धोती–साड़ी और लुंगी देने का किया फैसला, खाद्य आपूर्ति मंत्री ने कहा– जन वितरण प्रणाली के तहत चीनी और दाल की भी होगी आपूर्ति।**
- **पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा में दो आइइडी विस्फोट, सीआरपीएफ इंस्पेक्टर और एसआई समेत तीन जवान घायल।**
- **40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रांची के पार्थ ने जीता स्वर्ण पदक, बने देश के सबसे तेज धावक।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री धन–धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसानों से भी बातचीत करेंगे। एक रिपोर्ट

****

घाटशिला उपचुनाव को लेकर राज्य में राजनीतिक सरगर्मी लगातार बढ़ रही है। आज भाजपा संसदीय दल की बैठक बुलायी गयी है जिसमें पार्टी प्रत्याशी के नाम पर विचार किया जायेगा। भाजपा में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन इसके प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। उधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 15 अक्तूबर को पार्टी की विस्तारित बैठक बुलायी है। बैठक में प्रत्याशी के नाम पर सहमति बन सकती है।

****

राज्य सरकार ने दिपावली से पहले नौ लाख परिवारों को सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी और लुंगी देने के फैसला किया है। खाद्य आपूर्ति मंत्री डा. इरफान अंसारी ने विभागीय समीक्षा के बाद पत्रकारों से बातचीत में ने कहा कि जन वितरण प्रणाली के डीलरों को चीनी और दाल की आपूर्ति का भी निर्देश दिया गया है।

****

प्रदेश की कृषि मंडियों में व्याप्त अव्यवस्था और सुविधाओं की कमी को लेकर रांची में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मंत्री ने मंडियों की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिये।

****

बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने वैश्विक मंच पर भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रभावशाली प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए सत्ता के संतुलन और जवाबदेही पर जोर दिया।

****

पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा के जराईकेला थाना क्षेत्र के समठा में सर्च ऑपरेशन के दौरान कल देर शाम नक्सलियों के दो आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ इंस्पेक्टर और एसआई रामचंद्र गोगई तथा हेड कांस्टेबल लस्कर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। हमारे संवाददाता मणिपुर राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाले जीएसटी सुधारों पर आज एक रिपोर्ट दे रहे हैं।

****

पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से जामताड़ा जिले के आकांक्षी प्रखंड कर्माटांड़ एवं फतेहपुर के शिल्पकारों को आर्थिक रूप से सबल बनाने की दिशा में आवश्यक पहल की जा रही है।

****

मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन चार दिनों में झारखंड से मानसून की वापसी की अनुकूल परिस्थिति बन गयी है। विभाग ने बताया कि 13–14 अक्तूबर तक राज्य से मानसून की वापसी लगभग तय मानी जा रही है।

****

झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा देवघर जिले के मधुपुर में संपन्न हुई। जेएफए के महासचिव गुलाम रब्बानी ने बताया कि दुमका और हजारीबाग जिले में नई फुटबॉल कमिटी का गठन किया गया है।

****

40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप में पहले दिन झारखंड के एथलीटों ने अच्छी शुरुआत की। ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित इस चैंपियनशिप के पहले दिन बालक अंडर 20 आयु वर्ग में रांची के पार्थ सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल करने के साथ ही देश के सबसे तेज धावक बनने का गौरव हासिल किया।

****

अख़बारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राजधानी में अपराधियों के साथ पुलिस मुठभेड़ की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– ट्रंप का जोर नहीं चला, शांति का नोबल मारिया मचाडो को।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– राजधानी रांची में प्रतिबंधित कफ सिरप की जांच तेज।

प्रभात खबर लिखता है– सीजेआई सहित सात जज 23 नवंबर को आयेंगे रांची।

दैनिक जागरण ने केन्द्रीय गृहमंत्री के हवाले से लिखा है– घुसपैठिए नहीं तय कर सकते देश में कौन बनेगा पीएम और सीएम।

********समाप्त************